पीएम श्री योजना और जिज्ञासा के अंतर्गत स्कूली छात्रों का सीरी में शैक्षणिक भ्रमण

500 स्कूली विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने किया राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला का भ्रमण

केंद्र सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर एवं अन्य सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जिज्ञासा एवं इस्पायर जैसे कार्यक्रम इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाते हैं। गतवर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर आरंभ की गई **'प्रधानमंत्री श्री (पीएम श्री) योजना'** ऐसा ही एक प्रयास है। इस योजना के अंतर्गत 11, 12 व 13 दिसंबर 2023 को जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा और जवाहर नवोदय विद्यालय, श्रीगंगानगर के 382 विद्यार्थियों एवं 13 शिक्षकों ने सीएसआईआर – केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इसके अलावा **'जिज्ञासा'** कार्यक्रम के अंतर्गत 14 दिसंबर, 2023 को प्रिंस करियर पॉइंट, सीकर के 96 विद्यार्थियों एवं 11 शिक्षकों ने संस्थान का शैक्षणिक दौरा किया।

इस भ्रमण के दौरान स्कूली विद्यार्थियों को संस्थान की शोध प्रयोगशालाओं में सीरी की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी गई। शैक्षणिक भमण के दौरान विद्यार्थियों को संस्थान के वैज्ञानिकों एवं तकनीकी कार्मिकों एवं शोधार्थियों से परस्पर चर्चा का अवसर दिया गया। छात्रों ने अत्यंत रुचि लेते हुए वैज्ञानिकों से संवाद किया और शोध कैरियर के संबंध में प्रश्न पूछे। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक व्याख्यानों, वीडियो फिल्म एवं तकनीकी प्रस्तुतीकरणों के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए
कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रमोद तँवर, प्रमुख, पीएमई

कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रमोद तँवर, प्रमुख, पीएमई ने स्कूली विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्हें वैज्ञानिक के रूप में देश को अपनी सेवाएं देने और विज्ञान को कैरियर के विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। श्री तँवर ने कहा कि सीएसआईआर-सीरी नियमित रूप से किशोर छात्र-छात्राओं को इन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रयोगशाला भ्रमण एवं वैज्ञानिकों से संवाद का अवसर प्र दान कर अपने सामाजिक एवं नैतिक दायित्व का निर्वहन करता है।

विद्यार्थियों के सीरी आगमन पर उन्हें संस्थान की विभिन्न शोध गतिविधियों की जानकारी दी गई तथा संस्था न के विज्ञान संग्रहालय का परिदर्शन (विजिट) कराया गया।

आगंतुक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का प्रीसीजन कृषि विजिट एवं
कर्मशाला में मशीनों-उपकरणों की जानकारी देते हुए संस्था न के
सहकर्मी

विद्यार्थियों के समक्ष हाइड्रो-राकेट का प्रदर्शन करते हुए सहकर्मी

प्रयोगशाला में विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए डॉ सुशील शुक्ला, प्रधान वैज्ञानिक

सीरी विज्ञान संग्रहालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ
डॉ सुमित्रा सिह, प्रधान वैज्ञानिक

छात्र-छात्राओं को संस्थान के प्रायोगिक कृषि अनुसंधान केंद्र एवं केंद्रीय कर्मशाला (Central Workshop) का भ्रमण कराया गया तथा दिव्यांगों के लिए विकसित ई-असिस्ट टाइक की असेम्बली एवं अन्य आवश्यक जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों के साथ आए शिक्षकों ने भी संस्थान के शोध कार्यो में रुचि लेते हुए वैज्ञानिकों से परस्पर चर्चा की।

जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान में आए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

क्या है पीएम श्री योजना

'प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिग इंडिया' 'पीएम श्री' का पूर्ण रूप है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत देशभर के करीब 14,500 स्कूलों को पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिग इंडिया) स्कीम के अंतर्गत अपग्रेड किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से पुराने स्कूलों के ढांचे को सुंदर, मजबूत और आकर्षक बनाया जाएगा। अपग्रेड किए गए स्कूलों में आधुनिक तरीके से छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसमें नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास,खेल और आधुनिक अवसंरचना पर विशेष ध्यान जोर दिया जाएगा। इस योजना के तहत अपग्रेड किए गए सभी स्कूल 'मॉडल स्कूल' बनेंगे और इनमें **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)** की पूरी भावना समाहित होगी। भारत सरकार की इस योजना का सीधा लाभ देश के 18 लाख से ज्यादा छात्रों को मिलेगा।